# जलवायु परिवर्तन अवधारणा व संगठन और सम्मेलन

**1. एक कार्बन क्रेडिट को किसके तुल्य माना जाता है?**
(a) 100 Kg कार्बन
(b) 100 Kg कार्बन डाइऑक्साइड
(c) 1000 Kg कार्बन
(d) 1000 Kg कार्बन डाइऑक्साइड

**2. भूमंडलीय तापन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सी एक, ग्रीनहाउस गैस मानी जाती है?**
(a) कार्बन मोनोऑक्साइड
(b) कार्बन डाइऑक्साइड
(c) हाइड्रोजन
(d) ऑक्सीजन

**3. भूमंडलीय तापन के कारण समुद्री जल के Ph मान में निरंतर कमी हो रही है। इसका कारण:**
(a) समुद्री जल द्वारा $CO_2$ का अपेक्षाकृत अधिक उद्ग्रहण है।
(b) समुद्री जल द्वारा $CO_2$ का अपेक्षाकृत कम उद्ग्रहण है।
(c) समुद्री जल द्वारा वायुमंडलीय नाइट्रोजन का अपेक्षाकृत अधिक उद्ग्रहण है।
(d) समुद्री जल द्वारा वायुमंडलीय नाइट्रोजन का अपेक्षाकृत कम उद्ग्रहण है।

**4. निम्नलिखित में से कौन-सी एक, ग्रीनहाउस गैस नहीं है?**
(a) जलवाष्प
(b) मीथेन
(c) ओज़ोन
(d) कार्बन मोनोऑक्साइड

**5. निम्नलिखित में से कौन-सी गैस वायुमंडल में विशालतम (महत्तम) सांद्रता में है?**
(a) क्लोरोफ्लोरोकार्बन
(b) नाइट्रस ऑक्साइड
(c) कार्बन डाइऑक्साइड
(d) मीथेन

**6. नीचे दिए गए कथन एवं कारण पर विचार कीजिए:**
**कथन (A): भूमंडलीय तापन का तात्पर्य है भूमंडलीय सतही तापमान में वृद्धि।**
**कारण (R): वायुमंडल में ग्रीनहाउस की सांद्रता का बढ़ना भूमंडलीय सतही तापमान में वृद्धि का कारण है।**
(a) A एवं R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
(b) A एवं R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) A सही है, R गलत है।
(d) A गलत है, R सही है।

**7. कार्बन डाइऑक्साइड के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**
(a) यह एक क्षारीय बेसिक ऑक्साइड है।
(b) यह एक ग्रीनहाउस गैस है।
(c) यह शुष्क बर्फ बनाती है।
(d) प्रकाश-संश्लेषण के दौरान इसका उपभोग होता है।

**8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1.वे गैसें जो विकिरण की लघु तरंगों का अवशोषण करती हैं, ग्रीनहाउस गैस कहलाती है।**
**2.ग्रीनहाउस गैसों में सबसे अधिक सांद्रण कार्बन डाइऑक्साइड का है।**
**3. समतापमंडल में पराबैंगनी किरणें ऑक्सीजन को ओज़ोन में परिवर्तित कर देती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) उपर्युक्त सभी

**9. निम्नलिखित पर विचार कीजिए-**
**1.कार्बन मोनोऑक्साइड**
**2. मीथेन**
**3.ओज़ोन**
**4.सल्फर डाइऑक्साइड**
**फसल/जैव मात्रा के अवशेषों के दहन के कारण वायुमंडल में उपर्युक्त में से कौन निर्मुक्त होते हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4



उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**10. निम्नलिखित में से किसके संदर्भ में, कुछ वैज्ञानिक पक्षाभ मेघ विरलन तकनीक तथा समतापमंडल में सल्फेट वायुविलय अंत:क्षेपण के उपयोग का सुझाव देते हैं?**
(a) कुछ क्षेत्रों में कृत्रित वर्षा करवाने के लिए
(b) उष्णकटिबंधीय चक्रवातों की बारंबारता और तीव्रता को कम करने के लिए
(c) पृथ्वी पर सौर पवनों के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए
(d) भूमंडलीय तापन को कम करने के लिए

**11. पर्यावरण में निर्मुक्त हो जाने वाली 'सूक्ष्ममणिकाओं (माइक्रोबीड्स)' के विषय में अत्यधिक चिंता क्यों है?**
(a) ये समुद्री पारितंत्रों के लिए हानिकारक मानी जाती हैं।
(b) ये बच्चों में त्वचा कैंसर होने का कारण मानी जाती हैं।
(c) ये इतनी छोटी होती हैं कि सिंचित क्षेत्रों फसल पादपों द्वारा अवशोषित हो जाती हैं।
(d) अक्सर इनका इस्तेमाल खाद्य-पदार्थों में मिलावट के लिए किया जाता है।

**12. जलवायु परिवर्तन विषयक पेरिस समझौते के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**
(a) इस समझौते पर 190 से अधिक देशों ने हस्ताक्षर किए हैं।
(b) यह समझौता 4 नवंबर, 2016 को प्रभाव में आया।
(c) आशायित राष्ट्रीय निर्धारित अंशदान इंटेंडेड नेशनली डिटर्मिंड कंट्रीब्यूशन, INDC), जिसे वर्ष 2015 के जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में प्रतिभूत किया गया था, को पेरिस समझौते में प्रत्याहरित किया गया।
(d) USA तथा चीन दोनों, पेरिस समझौते में शामिल हुए।

**13. मिशन इनोवेशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1.यह यूरोपीय संघ तथा 22 देशों की एक वैश्विक पहल है।**
**2.यह वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा नवाचार में तेज़ी जाने का प्रयास करता है।**
**3.इसकी घोषणा 30 नवंबर, 2015 को पेरिस में आयोजित COP-21 में की गई थी।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**14. जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
**1.यह समझौता विकासशील देशों के विकास के अधिकार को और सबसे दुर्बल हितों की रक्षा करते हुए पर्यावरण के संगत विकास के उनके प्रयासों को मान्यता देता है।**
**2. इस समझौते का उद्देश्य यह सुनिश्चित करता है कि यह अल्पीकरण केंद्रित है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**15. हरित अर्थव्यवस्था पर कार्यवाही के लिए भागीदारी (पी.ए.जी.ई.) जो अपेक्षाकृत हरित एवं और अधिक समावेशी अर्थव्यवस्था की ओर देशों के संक्रमण में सहायता देने के लिए संयुक्त राष्ट्र की एक क्रियाविधि है, आविर्भूत हुई-**
(a) जोहान्सबर्ग में वर्ष 2002 के संधारणीय विकास के पृथ्वी शिखर सम्मेलन में।
(b) रियो-डी-जेनेरिया में वर्ष 2012 के संधारणीय विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में।
(c) पेरिस में वर्ष 2015 में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन में ।
(d) नई दिल्ली में वर्ष 2016 के विश्व संधारणीय विकास शिखर सम्मेलन में।

**16. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए-**

| | |
|---|---|
| **1.एनेक्स-1 देश** | **कार्टाजेना प्रोटोकॉल** |



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

| | |
|---|---|
| 2. प्रमाणित उत्सर्जन कटौतियाँ (सर्टिफाइड एमिशंस रिडक्शंस) | नागोया प्रोटोकॉल |
| 3.स्वच्छ विकास क्रियाविधि (क्लीन डेवलपमेंट मैकेनिज़्म) | क्योटो प्रोटोकॉल |

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सुमेलित है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**17. ग्रीनहाउस गैस प्रोटोकॉल (Greenhouse Gas Protocol) क्या है?**
(a) यह सरकार एवं व्यवसाय को नेतृत्व देने वाले व्यक्तियों के लिए ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को समझने, परिमाण निर्धारित करने एवं प्रबंधन हेतु एक अंतर्राष्ट्रीय लेखाकरण साधन है।
(b) यह ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और पारितंत्र-अनुकूल प्रौद्योगिकियों को अपनाने हेतु विकासशील देशों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करने की संयुक्त राष्ट्र की एक पहल है।
(c) यह वर्ष 2022 तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को एक विनिर्दिष्ट स्तर तक कम करने हेतु संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों द्वारा अनुसमर्थित एक अंत: सरकारी समझौता है।
(d) यह विश्व बैंक द्वारा पोषित बहुपक्षीय REDD+ पहलों में से एक है।

**18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**UN-REDD+प्रोग्राम की समुचित अभिकल्पना और प्रभावी कार्यान्वयन महत्त्वपूर्ण रूप से योगदान दे सकते हैं।**
**1.जैव विविधता का संरक्षण करने में**
**2.वन्य पारिस्थितिकी की समुत्थानशीलता में।**
**3.गरीबी कम करने में।**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**19. भारत ने जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना अपनाई। इसके अंतर्गत शामिल है-**
(a) मात्र अल्पीकरण उपाय।
(b) मात्र अधिग्रहण उपाय।
(c) अल्पीकरण एवं अभिग्रहण उपाय दोनों।
(d) इनमें से कोई नहीं

**20. एजेंडा 21 का अभिप्राय है-**
(a) जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा विकसित देशों के लिए प्राप्य लक्ष्यों की सूची।
(b) जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा विकासशील देशों के लिए प्राप्य लक्ष्यों की सूची।
(c) जून, 1992 में रियो-डी-जेनेरियो में आयोजित पृथ्वी सम्मेलन में अपनाई गई वैश्विक कार्य योजना।
(d) इनमें से कोई नहीं

**21. 'साझे लेकिन पृथक् उत्तरादायित्वों' का सिद्धांत किसके लिए वैधानिक आधार है?**
(a) रामसर अभिसमय के तहत विभिन्न देशों का योगदान।
(b) क्योटो प्रोटोकॉल के तहत उत्सर्जन में कमी करने के लिए विकसित देशों पर अधिक दायित्व।
(c) क्योटो प्रोटोकॉल के तहत राष्ट्रों के बीच कार्य वितरण।
(d) इनमें से कोई नहीं

**22. वैश्विक पर्यावरण सुविधा (GEF) निम्नांकित में से किसका निधियन तंत्र अथवा वित्तीय क्रियाविधि नहीं है?**
(a) पारा संबंधी मिनामता अभिसमय।
(b) जोखिम भरे रसायनों से संबंधित रॉटरडैम अभिसमय
(c) मरुस्थलीकरण को नियंत्रित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र अभिसमय।
(d) सख्त कार्बनिक प्रदूषकों से संबद्ध स्टॉकहोम कन्वेंशन।

**23. वैश्विक पर्यावरण सुविधा निम्नलिखित में से किसके लिए प्राथमिक वित्तीय तंत्र के रूप में कार्य नहीं करती है?**
(a) मरकरी पर मिनामाता अभिसमय
(b) जैव विविधता पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

(c) आर्द्रभूमि पर रामसर अभिसमय
(d) मरुस्थलीकरण का सामना करने के लिए संयुक्त राष्ट्र अभिसमय

**24. हरित जीडीपी में निम्नलिखित में से कौन सम्मिलित होगा/होंगे?**
**1.जैव विविधता का मौद्रिकृत नुकसान**
**2.वनों का मौद्रिक मूल्य**
**3.हरित निवेश**
**कूट**
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1.राष्ट्रीय आरईडीडी+ (REDD+) रणनीति का उद्देश्य वन संरक्षण को प्रोत्साहित करके जलवायु परिवर्तन को कम करना है।**
**2.ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को रोकने में वन महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) कवेल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2


उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213